गंगोत्री में 5जी की दो लाखवीं साइट लॉन्च

चर्चा में क्यों?

24 मई, 2023 को केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उत्तराखंड के गंगोत्री धाम में 5जी की दो लाखवीं साइट की लांचिंग डिजिटल बटन दबाकर देहरादून से की। इसके साथ ही चारों धाम अब 5जी सेवा से जुड़ गए हैं।

प्रमुख बिंदु

- अब चारों धामों में ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी हो गई है। इससे जहाँ चारधाम मंदिर परिसरों के आस पास श्रद्धालुओं को इंटरनेट की बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, वहीं आपदा प्रबंधन, सर्विलांस और रियल टाइम आधार पर यात्रा की निगरानी रखने में भी मदद मिलेगी।
- केंद्रीय संचार मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड के 1581 सीमांत व वाइब्रेंट गाँवों में 4जी सेवाएँ दी जाएंगी। 'वाइब्रेंट विलेज योजना' के तहत केंद्र सरकार ने ऐसे 2800 गाँवों के लिये धनराशि की व्यवस्था कर दी है। ये सारी जिम्मेदारी बीएसएनएल को दी गई है।
- विदित है कि 4जी व 5जी कनेक्टिविटी की योजना पर बहुत तेजी से काम चल रहा है। देश के प्रत्येक पंचायत, ब्लाक, तहसील और ज़िला मुख्यालय में ये तकनीक उपलब्ध होगी। यह सुविधा तकरीबन सभी ज़िला मुख्यालयों तक पहुँच गई है।
- ज्ञातव्य है कि देश अब टेक्नोलॉजी का एक्सपोर्टर बन रहा है। यहाँ के इंजीनियरों ने 6जी पेटेंट कराने शुरू कर दिये हैं। ऐसे 100 से अधिक पेटेंट हो चुके हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/two-lakh-site-of-5g-launched-in-gangotri